
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# 11 मार्ग बंद, साठ हजार की आबादी प्रभावित

**दिक्कतें**

## धारचूला–तवाघाट मार्ग पर भी मलबा आने से मार्ग बंद रहा

गांव के तल्लालेक तोक में बिजली लाइन गिरने के कगार पर पहुंची

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। बारिश के वेग में हल्की कमी आई है, परंतु सीमांत क्षेत्र की दुश्वारियां बनी हुई हैं। जिले भर में 11 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। चीन सीमा को जोडने वाला तवाघाट–सोबला–तिदांग मार्ग बंद है। धारचूला का खुम्ती गांव अलग–थलग पड़ा है। गांव के तल्लालेक तोक में बिजली लाइन गिरने के कगार पर पहुंच चुकी है।

विगत दो तीन दिनों से बारिश में कमी आने से बारह मार्ग तो यातायात के लिए खुल चुके हैं, परंतु ग्यारह मार्ग अभी भी बंद हैं। इन मार्गों के जल्द खुलने के आसार भी नजर नहीं आ रहे हैं। सामरिक दृष्टि से चीन सीमा से लगे गावों को जोडने वाला तवाघाट सोबला तिदांग मार्ग 49वें दिन भी बंद है।



मार्ग बंद होने से तवाघाट से लेकर तल्ला दारमा के गर्गुवा, खेत, छिरकिला, जम्मू, सोबला, न्यू, सुवा, वतन, उमचिया, सुमदुंग, दर, बौगलिंग, सेला, चल, नागलिंग सहित उच्च हिमालयी गांव और चौदास के पांगू, हिमखोला, तंतागांव रौतो, छलमाछिलासों, सोसा, हिमखोला, नारायण आश्रम, सिर्खा सहित अन्य गांव कटे हुए हैं। इन गांवों तक पैदल पहुंचना भी मुश्किल हो चुका है। गांवों तक आवश्यक सामान और खाद्यान्न भी पहुंचना मुश्किल बना हुआ है। पूर्व जिपं सदस्य आन सिंह रोकाया, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नारायण सिंह दरियाल ने लंबे समय बाद भी मार्ग नही खुलने पर नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द मार्ग नहीं खुला तो इस क्षेत्र में स्थिति खराब होने वाली है। जिला आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को धारचूला–तवाघाट मार्ग पर भी मलबा आने से मार्ग कुछ देर बंद रहा। धारचूला के खुम्ती गांव को जोडने वाली सड़क 49 दिनों से बंद है। कालिका खुम्ती मार्ग के कई स्थानों पर ध्वस्त होने से ग्रामीणों का पैदल चलना भी मुश्किल हो चुका है। गांव के गोपाल सिंह ने बताया कि गांव में लगातार कटाव जारी है। पेयजल योजना ध्वस्त होने से ग्रामीण गधेरों का पानी पीने को मजबूर हो चुके हैं। बंद सड़क खोलने के लिए पीएमजीएसवाइ द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार का धंधा

**संवाददाता** रुद्रपुर। सेवन स्काई स्पा सेंटर में स्पा की आड़ में देह व्यापार का धंधा कर रहे छह युवतियां समेत 10 लोगों को पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने पकड़ा है। इस दौरान स्पा सेंटर में पुलिस को आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली। जिन्हें पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में पुलिस ने स्पा सेंटर सील कर दिया। साथ ही गिरफ्तार युवतियों और युवकों को पंतनगर थाने में ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मेट्रोपोलिस मॉल स्थित सेवन स्काई स्पा सेंटर में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। इस पर शुक्रवार दोपहर सीओ सिटी अमित कुमार के नेतृत्व में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल प्रभारी बसंती आर्या, थानाध्यक्ष पंतनगर मदन मोहन जोशी पुलिस टीम के साथ सेवन स्काई स्पा सेंटर पहुंचे। जहां स्पा सेंटर के कमरे अंदर से लॉक थे। इस पर पुलिस कर्मियों ने दरवाजा खुलवाया तो कमरों में युवक और युवतियां मिली।

### फड़ व्यापारियों को पहले जगह दें, फिर अतिक्रमण हटाएं

**संवाददाता** काशीपुर। नगर निगम प्रशासन द्वारा बीते दो दिन से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का व्यापारियों ने जमकर विरोध किया। व्यापारियों ने सहायक नगर आयुक्त आलोक उनियाल का घेराव कर कहा कि पहले फड़ व्यापारियों को जगह मुहैया कराएं, तब अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएं। नगर आयुक्त आकांक्षा वर्मा व सीओ अक्षय प्रहालद कोंडे की टीम बीते दो दिन से तहसील रोड, मुख्य बाजार की सड़क पर सामान सजाकर रखने वाले अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चला रही है। इस दौरान दर्जनों दुकानों का चालान भी किया गया। साथ ही मुनादी कराकर प्रशासन ने व्यापारियों से सड़क पर सामान सजाकर नहीं रखने की चेतावनी भी दी।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत सिंह दो दिन नैनीताल जिले में

**संवाददाता** हल्द्वानी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार सिंह जिले के कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। बूथ जीतने का मंत्र बताएंगे। इसके लिए वह सात व आठ अगस्त को हल्द्वानी व नैनीताल में अलग–अलग समय पर पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश प्रभारी की इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश प्रभारी के जिले में पहली बार आगमन पर जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शुक्रवार को भी हल्दूचौड़ में बैठक की और तैयारियों का जायजा लिया। बिष्ट ने बताया कि प्रदेश प्रभारी सात अगस्त को सबसे पहले पूर्वाह् 11 बजे लक्ष्मी बैंक्वेट हाल में कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र की बैठक लेंगे।

## शहीदों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड का निर्माण करूंगा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा स्थित कार्यालय में हवन पूजन किया। धामी मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार विधानसभा स्थित दफ्तर पहुंचे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। उन्ह्होंने कहा कि मुख्य सेवक के तौर पर पहली बार विधानसभा कार्यालय आया हूं। शहीदों को नमन करता हूं, जनता को नमन करता हूं। आशा, आकांशा, और सपनों को पूरा करूंगा। शहीदों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड का निर्माण करूंगा।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में पूजा अर्चना कर शासकीय कार्य शुरू किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद पुष्कर



सिंह धामी पहली बार विधानसभा पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय, गणेश जोशी, यतीश्वरानंद, विधायक राजेश शुक्ला, चंदनराम दास, प्रणव चैंपियन, उमेश शर्मा काऊ, खजान दास, शक्ति लाल शाह, भाजपा नेता अनिल गोयल, तरुण मित्तल, अजेंद्र अजेय एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



### भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने किया प्रतिभाग

**संवाददाता** देहरादून। बलवीर रोड स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

## ऐसी हरकत करने वाले महामूर्ख, संयम और समझदारी से काम लेने की सलाह

**संवाददाता** हरिद्वार। हाकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने टोक्ष्यो ओलिंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम के सेमिफाइनल में हार के बाद उसके घर के बाहर हुई घटना और मां की बीमार पर चिंता जतायी। साथ ही घर परिवार को इसे लेकर परेशान होने और प्रतिक्रिया देने से बचने की सलाह दी। वंदना के भाई पंकज कटारिया ने बताया कि इन सब बातों को लेकर वंदना खुद बहुत चिंतित है, पर उसने खुद को संभाला हुआ है और दूर बैठकर हम सबको भी संभाल रही है। कहा कि वंदना ने इस तरह की हरकत करने वालों को महामूर्ख बताते हुए हमें उत्तेजित हुए बिना संयम और समझदारी से काम लेने की सलाह दी है।

वंदना कटारिया के घर पहुंचे विधायक देशराज कर्णवाल

शुक्रवार को विधायक देशराज कर्णवाल वंदना कटारिया के घर पहुंचे। अनुसूचित जाति से जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों ने वंदना के परिजनों को समर्थन दिया। झबरेड़ा विधायक देशराज कर्णवाल ने कहा कि यह हरिद्वार की बेटी का अपमान नहीं, बल्कि पूरे दलित समाज का अपमान है। जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। भाजपा विधायक ने एसएसपी हरिद्वार से फोन पर बात कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि आरोपितों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। वहीं, आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह के साथ भीम आर्मी कार्यकर्त्ताओं ने भी वंदना के घर पहुंच कर घटना पर नाराजगी जताई। सीवी महासंघ समेत कई संगठनों के पदाधिकारी वंदना कटारिया के घर पहुंचे हैं।

**फरार तीसरे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापे:** वंदना कटारिया मामले में फरार तीसरे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापे मारे। पुलिस कोर्ट से गैर जमानती वारंट लेने की तैयारी कर रही है। ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम के हारने के बाद हरिद्वार के रोशनाबाद में हाकी खिलाड़ी वंदना कटारिया के घर के बाहर पटाखे फोड़ने वाले दो सगे भाई अंकुर पाल और विजयपाल को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

### रोजगार को लेकर हरदा ने फिर साधा भाजपा सरकार पर निशाना

**संवाददाता** नैनीताल। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत पूरी तरह से एक्टिव हो चुक हैं। उन्होंने अपने ताजा फेसबुक पोस्ट में उत्तराखंड में रोजगार के वादों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। हरदा ने कहा कि सूबे भाजपा तीन मुख्यमंत्री बदल चुकी है, और रोजगार को लेकर सबके अपने दावे हैं। लेकिन मांगने पर सरकर कोई आंकड़ा नहीं दिखा पाई। वहीं अब नए मुख्यमंत्री ने दो महीने में एक लाख स्वरोजगार पैदा करने का दावा किया है। हरदा के इस पोस्ट पर इंटरनेट मीडिया पर बहस छिड़ गई है। उनके समर्थक और विपक्ष के लोग अपने–अपने तर्क रख रहे हैं। हरदा ने अपने पोस्ट में लिख है कि भाजपा ने तीन मुख्यमंत्री नहीं दिये बल्कि गलत बयानी की एक लंबी लाइन खींच दी। पहले माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मैंने सात लाख लोगों को रोजगार दे दिया है।